# पाठ-योजना

**अध्यापिका/अध्यापक** :

**पुस्तक** : उड़ान हिंदी पाठमाला भाग-8

**विषय** : हिंदी **दिनांक :** ......................

**उपविषय** : जादुई कालीन, पाठ-6 **अवधि :** 3-4 वादन

| पाठ संख्या | सुनना, बोलना और पढ़ना | चिंतन | लिखना | गतिविधियाँ | जीवन मूल्य तथा पारिवारिक, सामाजिक व राष्ट्रीय चेतना |
|---|---|---|---|---|---|
| 6. | पठन-पाठन, शुद्ध उच्चारण, प्रश्नोत्तर, शब्दार्थ, समस्या का समाधान बताना, चर्चा, मौखिक अभिव्यक्ति। | प्रत्यास्मरण, विस्तृत विवरण, प्रतिक्रिया, यथार्थ और कल्पना में अंतर करना, आशय। | किसने, किससे कहा?, वाक्य-रचना, संज्ञा के भेद, बहुवचन रूप, गद्यांश पर आधारित, अति लघु, लघु तथा निबंधात्मक प्रश्न। | संवाद, बालश्रम कानून का ज्ञान, 'बालश्रम एक भयंकर समस्या' पर विचार गोष्ठी। | सहृदयता, जागरूकता, सहानुभूति। |

**सामान्य उद्देश्य** :
1. छात्रों में शुद्ध वाचन तथा पढ़ने-लिखने के कौशल का विकास करना।
2. अपने विचारों को सही प्रकार से प्रकट करने का ज्ञान व अभ्यास कराना।
3. वर्तनी संबंधी अशुद्धियों को दूर करने का प्रयास करना।
4. छात्रों के शब्द भंडार में वृद्धि करना।
5. प्रश्नों के उत्तर को भली-भाँति लिखने का अभ्यास कराना।

**विशिष्ट उद्देश्य** :
1. शुद्ध रूप में आनंद भाव से संवाद रूपी पाठ को पढ़ाना तथा इस पाठ के माध्यम से बाल-श्रमिकों की समस्या से अवगत कराना। तथा इस समस्या को दूर करने के लिए प्रेरित करना।
2. वाक्यों के प्रकार का ज्ञान कराना, संज्ञा के भेदों की जानकारी देना, संज्ञा के बहुवचन रूप को दो तरह से बनाने का ज्ञान कराना।

**सहायक सामग्री** : श्यामपट्ट, चॉक, डस्टर, चार्ट आदि।

**पूर्वज्ञान-परीक्षा** : अध्यापिका/अध्यापक छात्रों की पूर्वज्ञान परीक्षा लेने के लिए छात्रों से पूछेंगे कि हमारे विकास और प्रगति के सामने कौन-कौन सी समस्याएँ हैं? कम उम्र वाले बच्चे मेहनत करके पैसे कमाते हैं, क्या ये गलत है? क्यों? आदि।

**उद्देश्य-कथन** : अध्यापिका/अध्यापक प्रश्नों के उत्तर संतोषजनक या असंतोषजनक पाकर अपने उद्देश्य की घोषणा करेंगे कि बच्चो, आज हम 'जादुई कालीन' पाठ-6 का अध्ययन करेंगे।

**शिक्षण-बिंदु** : 'जादुई कालीन' पाठ-6 के प्रश्नों के उत्तर छात्रों की सहायता लेते हुए कराए जाएँगे।

| अध्यापिका/अध्यापक क्रियाएँ | छात्र-क्रियाएँ |
|---|---|
| प्र.1. विकी ने किसकी आवाज़ सुनी? | उ. विकी ने कालीन की आवाज़ सुनी। |
| प्र.2. अज़ीज़ कौन था? | उ. अज़ीज़ कालीन के कारखाने में काम करने वाला एक बच्चा था? |
| प्र.3. विकी और दिव्या अपने मम्मी-पापा के साथ कहाँ गए? | उ. विकी और दिव्या अपने मम्मी-पापा के साथ उसी कालीन कारखाने में गए जहाँ अज़ीज़ काम करता था। |

**पाठ पढ़ाने के पश्चात–**

**मौखिक** : सर्वप्रथम अध्यापिका/अध्यापक कठिन शब्दों का उच्चारण कराएँगे तथा पाठ से संबंधित मौखिक प्रश्न पूछेंगे।

जैसे– प्र. अज़ीज़ जैसे बच्चों के प्रति आपके मन में क्या भाव उठते हैं?

उ. बच्चे अपने मन में उठे भाव के अनुसार उत्तर देंगे।

इसी प्रकार से सभी प्रश्नों को मौखिक रूप में पूछेंगे।

**कॉरडोवा सी.डी. (CD)** के माध्यम से मूलपाठ सहित पाठ को दर्शाएँगे।

**लिखित** : प्रत्येक प्रश्नों के उत्तर लिखित रूप में करवाने से पहले मौखिक रूप में पूछेंगे। तत्पश्चात लिखवाएँगे।

1. **कॉरडोवा सी.डी. (CD)** के माध्यम से किसने, किससे कहा? वाले वाक्यों से संबंधित अंशों को दर्शाएँगे। उसके बाद उचित उत्तर में सही का निशान लगवाएँगे।
2. वाक्यों के प्रकार को भली–भाँति समझाएँगे। तत्पश्चात सही प्रकार पर ✓ का निशान लगवाएँगे।
3. संज्ञा के शब्दों को उनके भेद के सामने लिखवाएँगे।
4. बहुवचन के निर्विभक्ति रूप और सविभक्ति रूप को बताएँगे। तत्पश्चात शब्दों को दोनों रूप में लिखवाएँगे।
5. संकेत गद्यांश को पुन: पढ़वाएँगे। तत्पश्चात सही उत्तर में ✓ का निशान लगवाएँगे।
6. **कॉरडोवा सी.डी. (CD)** के माध्यम से प्रश्नों के उत्तर से संबंधित अंशों को दर्शाएँगे। उसके बाद अति लघु, लघु और निबंधात्मक प्रश्नों के उत्तर लिखवाएँगे।

**आओ अब कुछ बात करें** : 'बालश्रम' से संबंधित विषय पर बच्चों के द्‌वारा संवाद कराएँगे।

**परियोजना निर्माण** : बच्चों से कहेंगे कि बालश्रम कानून के विषय में जानकारी प्राप्त करें। बच्चों को प्रोत्साहित करेंगे कि बालश्रम एक भयंकर समस्या है। इस विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन करें।

**निष्कर्ष** : पाठ के माध्यम से बच्चों ने बालश्रमिक रूपी भयंकर समस्या को जाना तथा इस समस्या को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए अहम योगदान देने के लिए प्रेरित हुए।

वाक्य के प्रकार का ज्ञान हुआ, संज्ञा के भेदों की जानकारी प्राप्त की तथा बहुवचन के दोनों रूपों को जाना।

**कक्षा-कार्य निरीक्षण** : अध्यापिका/अध्यापक कक्षा में छात्रों को लिखवाए गए प्रश्नों के उत्तर का निरीक्षण करेंगे तथा अशुद्‌धियों को ठीक कराएँगे।